Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 14-12-2005

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

an>

Title : Regarding need to include Dalit Muslims in the list of Scheduled Castes.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : अध्यक्ष महोदय, बिहार विधान सभा पटना द्वारा दिनांक 31.12.2000 को केन्द्र सरकार से अनुरोध किया गया है कि दलित मुसलमानों को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल किया जाये। उनका अनुरोध केन्द्र सरकार के पास लंबित है।

मैं इस सदन के माध्यम से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री से अनुरोध करता हूं कि इस मामले पर ठोस कदम उठाकर दलित मुसलमानों को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल किया जाये, जिससे कि दलित मुसलमानों को भी आरक्षण का लाभ मिल सके और वे भी समाज की मुख्य धारा में शामिल हो सकें। हमें आशा है कि जिस तरह से दलित सिखों को 1956 में तथा दलित नव बौद्धिस्टों को 1990 में इस सूची में जोड़ा गया है, उसी प्रकार से दलित मुसलमानों को भी अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल किया जाये, जिससे कि देश में संविधान के अनुरूप सर्वधर्म दलितों को एक समान आरक्षण मिल सके।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाये।